**NEWS CLIPPING: 07.09.2021**

## THE TRIBUNE

# JC BOSE VARSITY PROF AWARDED

**Faridabad:** Dr Neelam Duhan, Associate Professor at Department of Computer Engineering, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been awarded the AICTE Visvesvaraya best teacher award 2021. Duhan was among the 17 faculty members in the field of engineering and technology from across the country.

The Tribune Tue, 07 September 2021 https://epaper.tribune

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 07.09.2021**

**PIONEER**

# जेसी बोस से डॉ. नीलम दूहन को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार

## देशभर से 17 शिक्षकों को मिला सम्मान, हरियाणा से डॉ. नीलम दूहन एकमात्र शिक्षिका



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलम दुहन को एआईसीटीई के विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली डॉ. नीलम दुहन हरियाणा की एकमात्र शिक्षिका हैं।

एआईसीटीई विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदर्शन और नवाचारों को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है ताकि वे वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा की लगातार बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को अपडेट रख सकें और शिक्षा में अपना प्रभावी योगदान दे सकें। डॉ. दुहान इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त करने वाले देश भर के उन 17 शिक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस पुरस्कार में एक पदक और उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के साथ 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. नीलम दुहन को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 07.09.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# शिक्षकों को मिला उनकी मेहनत का पुरस्कार

**एस, होडल:** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल की ओर से अखंड भारत संस्कार सभा के सहयोग से एचजीएम गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह पर 2 दिवसीय शिक्षक गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को मुख्य अतिथि विधायक जगदीश नायर ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर 32 शिक्षकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग, जीतपाल सिंह, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक को मिला सम्मान

**एस, हथीन:** गांव मंडकौला के भारत विद्या निकेतन के शिक्षक रघुवीर अग्रवाल को शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पृथला के विधायक नयनपाल रावत ने सम्मानित किया। रावत ने कहा कि शिक्षक ही बच्चों में संस्कार भरते हैं। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब की ओर से किया गया था।



जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शिक्षकों को दिया पुरस्कार

## डॉ. सतीश फोगाट को मिला इंटरनैशनल प्राइड अवॉर्ड

**नगर संवाददाता, फरीदाबाद :** शहर के शिक्षाविद डॉ. सतीश फोगाट को इंटरनैशनल प्राइड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से हर वर्ष देशभर से चुने लोगों को देता है। करनाल के होटल डिवेंचर में आयोजित एक समारोह में देश भर से पहुंची हस्तियों के बीच यह सम्मान पत्र प्रदान करने के लिए मशहूर फिल्मी कलाकार शक्ति कपूर यहां पहुंचे थे। सतीश फोगाट के पुत्र नवराज फोगाट ने यह अवॉर्ड लिया।

## डॉ. नीलम पुरस्कृत

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में असोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलम दूहन को एआईसीटीई के विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पाने वाली डॉ. नीलम दूहन हरियाणा की एकमात्र शिक्षिका हैं। एआईसीटीई विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदर्शन व इनोवेशन को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों को दिया जाता है। डॉ. नीलम इंजीनियरिंग व टेक्नॉलजी के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त करने वाले देशभर के 17 शिक्षक में शामिल हैं। दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। उन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र व 25 हजार रुपये का पुरस्कार मिला है।

**NEWS CLIPPING: 07.09.2021**

**AMAR UJALA**

# डॉ. नीलम दूहन को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार

**अमर उजाला ब्यूरो**



डॉ. नीलम दूहन को बधाई देते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलम दुहन को एआईसीटीई के विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली डॉ. नीलम दुहन हरियाणा की एकमात्र शिक्षिका हैं।

**देशभर से 17 शिक्षकों को मिला सम्मान, हरियाणा से डॉ. नीलम दूहन एकमात्र**

एआईसीटीई विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदर्शन और नवाचारों को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। वह वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा की लगातार बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को अपडेट रख सकें। शिक्षा में अपना प्रभावी योगदान दे सकें। डॉ. दुहान इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त करने वाले देश भर के उन 17 शिक्षकों में शामिल हैं। उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस पुरस्कार, में एक पदक और उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के साथ 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. नीलम दुहन को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 07.09.2021**

**HINDUSTAN**

# डॉ. नीलम को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार

## गौरव

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलम दुहन को एआईसीटीई के विश्वेश्वरैया सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली डॉ. नीलम दुहन हरियाणा की एकमात्र शिक्षिका हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ. दुहान इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त करने वाले देशभर के उन 17 शिक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस पुरस्कार में एक पदक और उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के साथ 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। कुलपति ने डॉ. नीलम दुहन को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

> डॉ. नीलम दुहन ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है तथा अन्य शिक्षकों के लिए आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है जो आने वाले दिनों में अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करेगा।
> –**प्रो. दिनेश कुमार**, कुलपति